बुंदेलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड

(एनएचपीसी एवं यूपीनेडा का संयुक्त उपक्रम)

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2022

बुंदेलखण्ड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा कालपी सौर ऊर्जा परियोजना (65 मे.वॉ.) ग्राम – परासन तहसील – कालपी, जनपद – जालौन परियोजना क्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ किया गया जिसमें परियोजना अधिकारियों, संविदा कर्मियों एवं आस-पास क्षेत्र के निवासियों द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। इस अवसर पर परियोजना परिसर में विभिन्न स्थलों पर अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम-वासियों में भी 100 से अधिक पौधों का वितरण किया गया। वरिष्ठ परियोजना अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा प्रत्येक व्यक्ति से कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी उचित देखभाल करने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस समारोह में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य लोगों ने पर्यावरण के संरक्षण एवं सवर्धन हेतु संकल्प लिया।

विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस
05 जून, 2022

जनपद के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित

02

विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाये पौधे

सोलर प्लांट पर पौधरोपण करते हुए संस्था पदाधिकारी।

आटा (जालौन) ६ जून। बुन्देलखंड सौर ऊर्जा एवं कार्यदायी संस्था सरयू एनर्जी लिमिटेड द्वारा ग्राम परासन में सोलर प्लांट में संस्था अधिकारियों एवं पदाधिकारियों ने पौधरोपण किया। राकेश पाण्डेय ने कहा बृक्ष हमारी धरोहर है इनको संजो कर रखना चाहिए पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए एक आदमी को कम से कम दो पौधे लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण संतुलित बना रहे लेकिन पौधे काटे तो जा रहे है पर लाग ये नही जा रहे है आज विश्व पर्यावरण के दिन हम सब बीणा उठाते है कि हम लोग जीवन मे एक एक पौधा लगाकर उनको बड़ा करे और समाज को समर्पित करे। इस मौके पर बृजेश शर्मा, अमित सिंह, संजीव पाण्डेय, हर्षल आदि ने पौधरोपण किया।